# मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल

(मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग)

(राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर से सम्बद्ध)

जनसम्पर्क कार्यालय के सामने, बाणगंगा चौराहा, भोपाल (म.प्र.) 462003,

Email Id - 2mpdramaschool@gmail.com, website - www.mpsd.co.in, rmtmusicandartsuniversity.com, Tell No. 0755-4012360, 4012389


## सत्र 2024–26 में दो वर्षीय पी.जी. डिप्लोमा इन नाट्य रंगमंच पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु सूचना

मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के अंतर्गत संचालित मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल (राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर से सम्बद्ध) द्वारा नाट्य विधा में प्रशिक्षण के लिए दो वर्षीय पी.जी. डिप्लोमा इन नाट्य रंगमंच पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक आवेदकों से माह मई/जून 2024 में प्रस्तावित प्रारंभिक चयन 2024–26 हेतु ऑनलाईन (Online) आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

1. आवेदक को एम.पी. ऑनलाईन (MP Online) पोर्टल पर राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर द्वारा दिनांक 09 अप्रैल 2024 से 25 अप्रैल 2024 तक खोले गये लिंक में निर्धारित चाही गई जानकारी भरकर पंजीयन शुल्क जमा कर पंजीकरण अनिवार्य रूप से करना होगा।
2. आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक एवं रंगकर्म के क्षेत्र में न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव अनिवार्य है।
3. आयु 01.01.2024 को सामान्य वर्ग के लिये अधिकतम 30 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग के लिये आयु सीमा संबंधी आरक्षण शासन के नियमों के अधीन रहेगी।
4. ऑनलाईन पंजीकरण के पश्चात् आवेदक को विद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध आवेदन प्रारूप को भर कर ऑनलाईन पंजीकरण की प्रति सहित समस्त दस्तावेजों की प्रतियां जिसमें न्यूनतम स्नातक उत्तीर्ण की अंकसूची, आयु सीमा के लिये 10वीं कक्षा की अंकसूची, मूल निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, किसी दो पंजीकृत रंग संस्थाओं के न्यूनतम दो वर्षों के अनुभव प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं अन्य अनुभव की स्वहस्ताक्षरित हार्डकॉपी निदेशक, मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, जनसम्पर्क कार्यालय के सामने, बाणगंगा चौराहा, भोपाल (म.प्र.) 462003 के पते पर स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक द्वारा या सीधे विद्यालय में दिनांक 30 अप्रैल 2024 की शाम 05:00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करना होगा, उक्त तिथि के पश्चात कोई भी आवेदन किसी भी माध्यम से प्राप्त होने पर स्वीकृत नहीं किया जायेगा।
5. पंजीकृत आवेदकों के आवेदन की स्क्रूटनी पश्चात् योग्य आवेदक को ही प्रारंभिक चयन की तिथि व भोपाल में स्थल की सूचना केवल विद्यालय की वेबसाइट पर एवं मेल के माध्यम से दी जावेगी। ऑनलाईन अपंजीकृत आवेदक, गैर स्नातक व वांछित योग्यता पूर्ण न करने वाले आवेदक को प्रारंभिक चयन प्रक्रिया में सम्मिलित नही किया जावेगा।
6. प्रारंभिक चयन में साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा व्यय, भोजन, आवासीय व्यवस्था या स्थानीय परिवहन आदि का व्यय आवेदक को स्वयं वहन करना होगा। प्रारंभिक चयन हेतु विद्यालय द्वारा किसी भी प्रकार का भुगतान आवेदक को नहीं किया जायेगा।

प्रारंभिक चयन साक्षात्कार के पश्चात चयनित आवेदकों को भोपाल में माह जून 2024 मे आयोजित अंतिम चयन कार्यशाला में आमंत्रित किया जाएगा। अंतिम चयन कार्यशाला के लिए चयनित आवेदकों को विद्यालय द्वारा निवास स्थान से भोपाल तथा वापसी का रेल का स्लीपर क्लास अथवा साधारण बस किराये का भुगतान टिकिट/रसीद प्रस्तुत करने पर किया जायेगा तथा भोपाल में आवास एवं भोजन की सुविधा प्रदान की जाएगी।

अंतिम चयन कार्यशाला के पश्चात प्रवेश संबंधी कार्यवाही उपरांत चयनित 26 विद्यार्थी मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के सत्र 2024–26 में नियमानुसार दो वर्षीय पी.जी. डिप्लोमा इन नाट्य रंगमंच पाठ्यक्रम मे प्रवेश तथा प्रतिमाह नियमानुसार निर्धारित छात्रवृत्ति के पात्र होंगे। छात्रवृत्ति के अतिरिक्त किसी भी प्रकार की राशि किसी भी विद्यार्थी को प्रदाय नहीं की जायेगी। प्रशिक्षण के दौरान भोपाल में आवास, भोजन, आवागमन आदि की व्यवस्था चयनित विद्यार्थी को स्वयं करनी होगी। राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर द्वारा समय–समय पर प्रवेश, नामांकन, प्रशिक्षण, परीक्षा आदि सम्बंधी निर्धारित समस्त शुल्क प्रत्येक चयनित विद्यार्थी को स्वयं भुगतान करना होगा।

विद्यालय द्वारा निर्धारित किये गये पाठ्यक्रम अनुसार ही समस्त चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के ईमेल 2mpdramaschool@gmail.com पर तथा दूरभाष क्रमांक 0755–4012360, 4012389 पर कार्यालयीन समय में अवकाश दिवसों को छोड़कर संपर्क किया जा सकता है। आवेदक उपरोक्त सूचना को अच्छी तरह से पढ़कर ही आवेदन प्रेषित करें। चयन प्रक्रिया पर अंतिम निर्णय का अधिकार निदेशक, मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल को होगा। उपर्युक्त संबंधी किसी भी तरह का वाद–विवाद का न्यायालयीन क्षेत्र भोपाल होगा।

निदेशक

मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल

# मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल

**(मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग)**
**(राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर से सम्बद्ध)**

मध्यप्रदेश
नाट्य विद्यालय

वर्तमान की
स्वहस्ताक्षरित फोटो

प्रति,
निदेशक,
मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय,
जनसम्पर्क कार्यालय के सामने, बाणगंगा चौराहा
नॉर्थ टी. टी. नगर, भोपाल (म.प्र.) – 462003

विषय - सत्र 2024-26 के दो वर्षीय पी.जी. डिप्लोमा इन नाट्य रंगमंच में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हेतु आवेदन पत्र।

ऑनलाईन आवेदन क्रमांक .................................................. दिनांक ........../........../....................

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में) : ..................................................

(अंग्रेजी में) (in Capital Letter): ..................................................

2. पिता/माता का नाम (हिन्दी में) : ..................................................

(अंग्रेजी में) (in Capital Letter): ..................................................

3. संवर्ग : (सामान्य/अनु.जाति/अनु.ज.जाति/अ.पि.वर्ग) ..................................................

4. जन्मतिथि : ..................................................

5. उम्र (01.01.2024 को) : वर्ष.................................. माह.................................. दिन..................................

6. शैक्षणिक योग्यता : ..................................................

7. अन्य अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) : ..................................................

8. स्थाई पता : ..................................................

9. पत्र व्यवहार का पता ..................................................

10. दूरभाष/मोबा. नं : ..................................................

11. ईमेल आई. डी : ..................................................

12. संलग्नकों की सूची ..................................................

**नोट :कृपया आवेदन के साथ सूचना में उल्लेखित सभी दस्तावेज़ स्वप्रमाणित कर अनिवार्य रूप से संलग्न कर प्रेषित करें।**

दिनांक : ..........................

आवेदक के हस्ताक्षर